# कार्यालय सहायक अभियन्ता
# निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, मथुरा

पत्रांक -01 ~~/सी–1/2021 दिनांक 08.06.2021

## भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र

सेवा में,

श्री आर0के0 गर्ग
प्रधानाचार्य
मॉडर्न ऐकेडमी इन्टरनेशनल
कोसीकलां, मथुरा।

**विषयः– जनहित याचिका संख्या 483/2004 अवनीश मेहरोत्रा बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य में पारित माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 13.04.09 के अनुपालन में विद्यालय/स्कूल भवनों का निरीक्षण कर सुरक्षा प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आपके प्रार्थना पत्र दिनांक 04.06.2021 द्वारा उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में मांगी गई सूचना निम्नानुसार है :-

1. विद्यालय का नाम :- मॉडर्न ऐकेडमी इन्टरनेशनल, (ग्राम अजीजपुर व तहसील छाता), कोसी कलां, जिला मथुरा।
2. विद्यालय तक पहुँच मार्ग :- दिल्ली कलकत्ता राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के कि0मी0-104 में प्रभावित (ग्राम अजीजपुर) कोसीकलां में उक्त मार्ग के सर्विस मार्ग के सहारे विद्यालय भवन स्थित है।
3. सैट बैक :- उपलब्ध है।

आपके उपरोक्त प्रार्थना पत्र दिनांक 04.06.2021 के अनुपालन में निर्मित विद्यालय भवन का निरीक्षण दिनांक 08.06.2021 को करने पर पाया गया कि भूतल पर निर्मित 04 कक्षों के अतिरिक्त प्रधानाचार्य, स्टॉफ, परीक्षक सामिग्री, कार्यालय, लाईब्रेरी, ड्राइंग रूम व किचिन हेतु एक-एक कमरा व इन्डोर गेम हेतु एक प्लाजा तथा प्रथम तल पर निर्मित 04 कक्षों के अतिरिक्त कम्प्यूटर लैब एवं गणित हेतु एक-एक कमरा तथा द्वितीय तल पर भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान हेतु एक-एक प्रयोगशाला तथा तृतीय तल पर चार कक्षों के अतिरिक्त एक कमरा व एक बड़ा हॉल (मिटिंग हेतु) - कुल 27 कमरें निर्मित हैं। निर्मित विद्यालय भवन के कक्षों की छतें आर0सी0सी0 से बनी हुई हैं, जो आगामी बीस वर्षो हेतु मजबूत एवं टिकाऊ हैं। भू-तल से प्रथम/द्वितीय/तृतीय तल पर आने-जाने हेतु दो अलग-अलग स्थानों पर झीना निर्मित है। विद्यालय भवन के मुख्य गेट के अतिरिक्त दो आकस्मिक द्वार अलग-अलग स्थानों पर बने हुये हैं तथा विद्यालय भवन में विद्यालय के वाहनों एवं छात्रों के हल्के वाहन खड़े किये जाने हेतु पर्याप्त मैदान है। साथ ही छात्रों के खेल-कूद हेतु विद्यालय प्रागंढ़ में विभिन्न खेल-कूद हेतु अलग से समुचित मैदान है। विद्यालय भवन में सामान्य विद्युत व्यवस्था के अतिरिक्त आकस्मिक विद्युत व्यवस्था जनरेटर एवं इन्वर्टर के माध्यम से संचालित हैं। विद्यालय का निर्मित भवन नेशनल बिल्डिंग कोड-2005 के मानकों तथा लो0नि0वि0 की विशिष्टियों के अनुरूप बना हुआ है।

**दिनांक :- 08.06.2021**

8.6.2021

(हरिओम शर्मा)
सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, मथुरा

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0
मथुरा
08.06.2021